सत्र–2024–25

माडल प्रश्न पत्र

कक्षा–12

व्यवसाय अध्ययन

समयः तीन घण्टे 15 मिनट। पूर्णांक–100 अंक

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देशः (i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय है, जिनका उत्तर लगभग 30 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 27 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है।

(iii) आंकिक प्रश्न हल करना है।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिएः

1. प्रबन्ध है– 1

(i) कला (ii) विज्ञान

(iii) कला और विज्ञान दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं।

2. नई आर्थिक नीति के प्रमुख अंग– 1

(i) उदारीकरण (ii) वैश्वीकरण

(iii) निजीकरण (iv) उपर्युक्त सभी

3. एक अच्छी योजना होती है– 1

(i) खर्चीली (ii) समय लेने वाली

(iii) लोचपूर्ण (iv) संकीर्ण

4. नियोजन प्रबन्ध का चरण है– 1

(i) प्रथम (ii) मध्यम

(iii) अंतिम (iv) वैकल्पिक

5. संगठन संरचना के कितने प्रारूप होते हैं– 1

(i) 2 (ii) 4

(iii) 3 (iv) इनमें से कोई नहीं

6. कर्मचारियों का चयन होता है– 1

(i) निम्न श्रेणी के अधिकारियों का

(ii) मध्यम श्रेणी के अधिकारियों का

(iii) उच्च श्रेणी के अधिकारियों का

(iv) उपर्युक्त सभी

7. विकास का उद्देश्य है– 1

(i) योग्यता में वृद्धि (ii) श्रेष्ठ निष्पादन

(iii) पदोन्नति का अवसर (iv) उपर्युक्त सभी

8. नियंत्रण प्रबन्ध का कार्य है– 1

(i) प्रथम (ii) अन्तिम

(iii) तृतीय (iv) द्वितीय

9. विपणन व्यय भार है– 1

(i) उद्योग पर (ii) व्यवसायियों पर

(iii) उपभोक्ताओं पर (iv) उपर्युक्त सभी पर

10. उत्पाद मिश्र को प्रभावित करने वाले घटक है– 1

(i) विपणन (ii) उत्पाद

(iii) वित्तीय (iv) इनमें सभी

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11. प्रबन्ध की परिभाषा लिखिए। 2
12. पेशे का आशय लिखिए। 2
13. अर्थिक नीति का क्या अर्थ है? 2
14. वैश्वीकरण का अर्थ लिखिए। 2
15. संगठन की परिभाषा लिखिए। 2
16. क्रियात्मक संगठन का आशय स्पष्ट कीजिए। 2
17. व्यावसायिक वित्त क्या है? लिखिए। 2
18. विपणन प्रबन्ध की परिभाषा लिखिए। 2
19. वस्तु मिश्रण किसे कहते हैं? लिखिए। 2
20. एक उपभोक्ता कौन होता है? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. टेलर के वैज्ञानिक प्रबन्ध के सिद्धान्त की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। 5
22. व्यवसाय पर आर्थिक वातावरण के प्रभाव की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। 5
23. नियोजन की सीमांए लिखिए। 5
24. प्रशिक्षण से संगठन को होने वाले लाभ लिखिए। 5
25. औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन में अन्तर लिखिए। 5
26. नियोजन और नियंत्रण के बीच सम्बन्ध का वर्णन कीजिए। 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

27. निर्देशन का अर्थ लिखिए। प्रबन्ध के निर्देशन कार्य की प्रकृति की व्याख्या कीजिए। 10

अथवा

अभिप्रेरण की परिभाषा लिखिए। इसके महत्व पर प्रकाश डालिए। 10

28. एक वित्तीय योजना बनाते समय कौन से तत्व ध्यान में रखना चाहिए। 10

अथवा

स्थायी पूँजी की परिभाषा लिखिए। स्थायी पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले घटक लिखिए। 10

29. विज्ञापन की परिभाषा लिखिए एवं इसके लाभ लिखिए। 10

अथवा

पैकेजिंग किसे कहते हैं? पैकेजिंग के कार्य लिखिए। 10

30. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध निवारण कार्यविधि की व्याख्या कीजिए। 10

अथवा

उपभोक्ता के अधिकारों और उत्तरदायित्व के बारे में बताइये। 10